प्रेस नोट -शाहजहाँपुर पुलिस

दिनांक 27.03.2025

उत्तर प्रदेश सरकार की सेवा, सुरक्षा और सुशासन की नीति के 8 वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर शाहजहाँपुर पुलिस द्वारा महिला सशक्तिकरण को समर्पित जागरुकता कार्यक्रम आयोजित कर बालिकाओं को आत्मरक्षा के संबंध में व सरकार द्वारा चलाई जा रही योजनाओं की जानकारी दी गई।

उत्तर प्रदेश सरकार की सेवा, सुरक्षा और सुशासन की नीति के 8 वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर श्रीमान पुलिस अधीक्षक महोदय जनपद शाहजहाँपुर के निर्देशानुसार, अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण महोदया द्वारा महिला सशक्तिकरण को बढ़ावा देने के उद्देश्य से रिजर्व पुलिस लाइन में भव्य जागरूकता कार्यक्रमों का आयोजन किया। जिसमें पुलिस अधीक्षक ग्रामीण महोदया द्वारा स्कूल की सभी छात्राओं को सरकार द्वारा चलाई जा रही योजनाओं—बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ, मिशन शक्ति, महिला हेल्पलाइन 1090,112 आदि की जानकारी दी व उनके उज्ज्वल भविषय के लिए उचित मार्गदर्शन किया गया। साथ ही ताइक्वांडो टीम की बालिकाओ व उनके प्रशिक्षकों द्वारा पुलिस लाइन में उपस्थित कस्तूरबा गांधी प्राथमिक विद्यालय ददरौल के बच्चों को व सभी महिलाओं, बालिकाओं, को ताइक्वांडो के माध्यम से बचाव व आत्मरक्षा के विभिन्न तरीको के बारे में बताया व सिखलाया गया।

इस अवसर पर अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण महोदया, क्षेत्राधिकारी लाइन, क्षेत्राधिकारी तिलहर व बेसिक शिक्षा अधीकारी शाहजहाँपुर व कस्तूरबा गाँधी प्राथमिक विद्यालय के अध्यापकगण मौजूद रहे।